Total No. of Printed Pages—3

5 SEM FYUGP HINC5C

2025

(November)

HINDI

(Core)

Paper : HINC5C

[आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक)]

Full Marks : 60

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) भारतेन्दु का असली नाम क्या था?

(ख) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी की प्रसिद्ध रचना कौन-सी है?

(ग) मैथिलीशरण गुप्त की वह कौन-सी रचना है, जिस पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगाया था?

(घ) जयशंकर प्रसाद ने अपना उपनाम क्या रखा था?

(ङ) निराला के खण्डकाव्य का नाम क्या है?

(च) सुमित्रानंदन पंत के पिता का नाम क्या था?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×3=18

(क) खाते पीते गमन करते बैठते और सोते।
आते जाते वन अवनि में गोधनों को चराते।
देते लेते सकल ब्रज की गोपिका-गोपजों के।
जी में होता उदय यह था क्यों नहीं श्याम आये।

(ख) फिर भी करुणा-गाहक बंदी सोते हैं,
स्वप्नों में स्मृतियों की श्वासें धोते हैं!
इन लोह-सीखचों के कठोर पाशों में
क्या भर दोगी? बोलो, निद्रित लाशों में?

(ग) भूख से सूख ओठ जब जाते
दाता-भाग्य-विधाता से क्या पाते?
घूँट आँसुओं के पीकर रह जाते!
चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए!

(घ) मूर्छित थीं इन्द्रियाँ, स्तब्ध जग,
जड़-चेतन सब एकाकार,
शून्य विश्व के उर में केवल
साँसों का आना-जाना।

(ङ) जहाँ के निर्झर नीरव गान
सुना करते अमरत्व प्रदान;
सुनाता नभ अनंत झंकार
बजा देता उर के सब तार;
भरा जिसमें असीम सा प्यार।

3. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के काव्य-शिल्प पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित काव्य 'यशोधरा' की विरह-वेदना पर प्रकाश डालिए।

4. "प्रसाद की कविताओं में छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषता मिलती है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

निराला का जीवन परिचय देते हुए 'संध्या सुंदरी' कविता का सारांश लिखिए।

5. महादेवी वर्मा जी के कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता का भावार्थ लिखिए। 12

अथवा

"मैथिलीशरण गुप्त जी राष्ट्रीय कवि की अपेक्षा जातीय कवि अधिक हैं।" उपर्युक्त कथन की युक्तिपूर्ण विवेचना कीजिए।

★★★